पाठ-8 हमारा पड़ोसी देश -नेपाल

मौखिक प्रश्नोत्तर

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

CLASS: V
SESSION NO : 9
SUBJECT : HINDI
CHAPTER NUMBER:8
TOPIC: हमारा पड़ोसी देश -नेपाल
SUB TOPIC: मौखिक प्रश्नोत्तर

Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: 1800 120 2316
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

शिक्षण उद्देश्य

मौखिक प्रश्नोत्तर एवं श्रुतलेख द्वारा मौखिक अभिव्यक्ति तथा वर्तनी में सुधार करना ।

मौखिक

१. श्रुतलेख एवं उच्चारण अभ्यास।

प्रसिद्ध
तीर्थयात्रा
एवरेस्ट
कस्तूरी
सुगंध

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

२. कम से कम शब्दों में उत्तर लिखिए।

क) नेपाली लोग किसके लिए प्रसिद्ध हैं?

उ: नेपाली लोग अपने साहस, मेहनत तथा बहादूरी के लिए प्रसिद्ध हैं।

ख) नेपाल के पालतू जानवर कौन से हैं?

उ: नेपाल के पालतू जानवर हैं याक, गाय, बैल, भैंस, भेड और बकरी ।

ग) नेपाल में कौन-से खनिज पदार्थ मिलते हैं?

उ: नेपाल में कोयला, ताँबा, गंधक, सीसा और लोहा जैसे खनिज पदार्थ मिलते हैं।

घ) नेपालियों की शारीरिक संरचना कैसी होती है ?
उ: नेपाली लोग मुख्यतः शारीरिक रूप से हट्टे-कट्टे और मझले कद बाले होते हैं । इनकी नाक चपटी, आँखें छोटी, माथा संकरा और गालों की हड्डियाँ कुछ ऊपर उठी होती हैं।

ङ) नेपाल में किनकी जनसंख्या अधिक है?
उ: नेपाल में हिंदुओं की जनसंख्या अधिक है।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

लिखित

१. सही मिलान कीजिए।

क) पृथ्वी नारायण शाहने
ख) संसार की सबसे ऊँची चोटी
ग) माउंट एवरेस्ट पर सबसे पहले चढ़ने वाले
घ) काठमांडू नेपाल की
ङ) पाटन में

- मत्स्येंद्रनाथ का मंदिर है।
- राजधानी है।
- तेनासिंह शेरपा हैं।
- स्वतंत्र नेपाल की स्थापना की।
- माउंट एवरेस्ट है।

२.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
क) नेपाल का भौगोलिक वर्णन कीजिए।
उ: नेपाल हिमालय की गोद में बसा प्राकृतिक सुंदरता से भरा देश है। यह पहाड़ों के बीच रास्ता बनाती नदियाँ, सुरम्य घाटियों और तराइयों से भरा है। संसार की सर्वोच्च पर्वत चोटी एवरेस्ट तथा गौरीशंकर, कंचनजंगा, धवलगिरी जैसी पर्वत चोटियाँ भी है।
ख) स्तूप किसे कहते हैं ?
उ: स्तूप मिट्टी या पत्थर का एक गोल टीले के आकार का होता है, जिसमें गौतम बुद्ध के शरीर के अवशेष रखे गये होते हैं।
ग) नेपाल के दर्शनीय स्थलों की एक सूची बनाइए ?
उ: नेपाल में पशुपतिनाथ का मंदिर, मत्स्येंद्रनाथ का मंदिर, गौतम बुद्ध का जन्मस्थल लुंबिनी तथा एवरेस्ट,गौरीशंकर, कंचनजंगा, धवलगिरी जैसी सुंदर पर्वत चोटियाँ है जो वास्तव में दर्शनीय है।

शिक्षण प्रतिफल

मौखिक प्रश्नोत्तर एवं श्रुतलेख द्वारा विद्यार्थियों की मौखिक अभिव्यक्ति तथा वर्तनी में सुधार आएगा ।

ODM PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP

PUBLIC SCHOOL
SCHOOL OF HUMAN EXCELLENCE